पीएम किसानों के हित में उठा रहे कदम

केंद्रीय मंत्री बोले

समस्तीपुर, वरीय संवाददाता। केन्द्रीय केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि अब तक सभी राजनीतिक पार्टियां चुनावी घोषणा पत्र में किसानों के लिए सिर्फ लुभावने वादे करती थी, लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है किसानों के हित के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री खुद कृषि वैज्ञानिकों की टीम के साथ किसानों के खेत तक पहुंच रहे हैं और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती देने के लिए नई नई कृषि तकनीक विकसित किये जा रहे है। कृषि राज्यमंत्री बुधवार को समस्तीपुर के मोरदीवा में किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के सेमिनार में शिरकत करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने

मोरदीवा में कार्यक्रम का शुभारंभ करते केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर।

बताया कि समस्तीपुर में एक नए कृषि यंत्र को किसानों से सामने प्रदर्शित किया गया है। जिसके माध्यम से मौसम से जुड़ी सभी जानकारियां किसानों को तीन दिन पहले ही उपलब्ध हो सकेगी। जिससे किसान अपनी फसलों के बचाव और बेहतर रखरखाव कर पाएंगे। मौके पर जदयू के जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, नगर अध्यक्ष शकुंतला वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, अनिल सिंह, भाजपा नेता रामसुमरन सिंह, शैलेंद्र सिंह, जगनारायण शर्मा, उमाकांत राय, बबन चौधरी, संजीत कुमार आदि मौजूद थे।

65 फसलों पर 109 प्रजातियों के बीज का उत्पादन

केंद्रीय मंत्री ने छिड़काव करने वाले ड्रोन की देखी उड़ान, एआइ तकनीक पर आधारित पूर्वानुमान मशीन

जासं, समस्तीपुर : केंद्रीय कृषि कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि छिड़काव ड्रोन पर भारत सरकार 80 प्रतिशत अनुदान देती है। इससे जहां एक ओर लोगों को रोजगार मिल रहा है तो दूसरी ओर महिलाओं का विकास भी हो रहा है। देश में पहली बार 65 फसलों के 109 प्रजातियों के बीज का उत्पादन किया गया है। आजादी के बाद पहली बार किसी पीएम ने किसान व विज्ञानी के बीच जाकर काम किया है। पीएम व राजग सरकार ने किसान को भगवान माना है। सरकार आपकी मदद को तत्पर है। केंद्रीय मंत्री बुधवार को मोरदीवा गांव स्थित मठ परिसर में एक निजी कंपनी के छिड़काव ड्रोन की उड़ान देखी। उन्होंने एआई तकनीक पर आधारित एक पूर्वानुमान मशीन के यूनिट का शुभारंभ किया। मोरदीवा मठ की जमीन पर इसे लगाया गया है। जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजीव सिंह की अध्यक्षता में सभा भी हुई। मोरदीवा के अलावा आसपास के गांव से पहुंचे दर्जनभर से अधिक किसानों ने अपनी समस्या मंत्री के सामने रखी। इसमें मुख्य रूप से खाद व सब्जी मंडी की व्यवस्था कराए जाने की बात कही गई। किसानों ने कहा कि जिला सब्जी के क्षेत्र में अग्रणी होने के बावजूद यहां हरे सब्जी का समुचित बाजार उपलब्ध नहीं है। जैविक खेती पर जोड़ दिये जाने की बात कहते हुए कहा कि किसानों को सुलभ रूप से जैविक खाद मिले इसको लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं कराई जाए ताकि, किसान स्वयं ही उसका निर्माण कर सके। जदयू जिलाध्यक्ष डा. दुर्गेश राय ने कहा कि सरैसा की उर्वरक मिट्टी व यहां के उत्पादन से पूरा देश परिचित हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जब हमारे यहां उत्पादन अधिक हो तब उसे उन देशों तक पहुंचाया जाए। जहां सब्जी नहीं होती। इसको लेकर दरभंगा एयरपोर्ट के पास एक कोल्ड स्टोर बनाया जाए ताकि, उसे विदेशों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि दरभंगा तक खेतों से सब्जी हमारे किसान पहुंचा देंगे। वहां से व्यापारी उसे विदेशों तक पहुंचाएं ऐसी व्यवस्था कायम होनी चाहिए। मौके पर जदयू नेता अनिल सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन सिंह, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अधिवक्ता कृष्ण कुमार, कौशल प्रसाद सिंह, शकुंतला वर्मा सहित अन्य थे।

कार्यक्रम में मौजूद मंत्री व अन्य • जागरण

पूर्वानुमान यूनिट का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री व मौजूद अन्य • जागरण

समारोह में दैनिक जागरण की हुई चर्चा : मंत्री के सामने मोहिउद्दीननगर से पहुंचे किसान शैलेन्द्र कुमार सिंह ने दैनिक जागरण के मंगलवार के अंक में प्रकाशित खबर का जिक्र किया। उन्होंने मंत्री से कहा कि आज के अखबार में यह खबर छपी है कि पूसा के वैज्ञानिक गोवा जाकर मशरूम उत्पादन की संभावनाएं देख। वहां के युवाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी वैज्ञानिक की टीम गांवों में पहुंचकर अलग-अलग फसलों की संभावना को तलाश वहां के युवा को इसके प्रति जागरूक करें। ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए जिससे जिले के सभी प्रखंडों में वैज्ञानिक पहुंचे ताकि, आमजनों को इसका समुचित लाभ मिल सके।

... बेरहमी से पिटाई करने का आरोप

पुत्रवधू से परे...

जासं, समस्तीपुर : ...